## खबर संक्षेप

### नशे में वाहन चलाने वालों पर 10 दस हजार जुर्माना

**कटनी।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। गत रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कार चालक देवेंद्र कुमार पिता सतीश पटेल निवासी दद्दा धाम , मोटर साइकल क्रमांक MP-21-MJ-9675 चालक सुरेंद्र पिता वृंदावन पटेल निवासी गैतरा एवं मोटर साइकल क्रमांक MP-21-MG-6115 चालक सुनील कुमार पिता सेवा लाल केवट निवासी अमीरगंज के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर थाना यातायात में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। उक्त प्रकरणों को आज 8 जुलाई 2025 को न्यायालय पेश किया गया। जिस पर न्यायालय द्वारा क्रमशः कार चालक एवं मोटर साइकल वाहन चालकों के विरुद्ध 10,000-10,000 ( दस-दस हजार रुपए) कुल 30,000 (तीस हजार रुपए) के अर्थ दण्ड से दंडित कर संबंधित वाहन मालिक को वाहन सुपुर्दनामे में दिए जाने हेतु आदेशित किया गया। न्यायालय के आदेश संबंधित वाहन चालक को वाहन सुपुर्द किया गए।

### अभियान चलाकर जब्त की गई 182 लीटर अवैध शराब

**कटनी।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान ऑपरेशन शिकंजा के अंतर्गत ज़िले भर में अवैध पैकारी गतिविधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अभियान के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध रूप से देशी व विदेशी मदिरा तथा कच्ची शराब बेचने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब, निर्माण सामग्री जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान कुल 55 प्रकरणों में 55 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान लगभग 182 लीटर अवैध कच्ची व देशी-विदेशी शराब बरामद की गई। एक लाख पांच हजार रुपए की अनुमानित कीमत की अवैध शराब बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि उनके आसपास कोई अवैध नशे का कारोबार चलता है, तो वे पुलिस को तत्काल सूचना दें। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### दर्जन भर मवेशियों को पकड़ कर भेजा कांजी हाउस

**कटनी।** नगर निगम की हांका गेंग द्वारा नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले 12 गौ वंशों को हांका लगाकर झिंझरी स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया सुरक्षित आवागमन हेतु निगम प्रशासन द्वारा विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर गोवंशों को अमीरगंज एवं झिंझरी स्थित कांजी हाउस में बंद करने की कार्यवाही अनवरत जारी है। निगमायुक्त नीलेश दुबे नें नगर के समस्त पशुपालकों से अपनें -अपने पालतू पशुओं को निर्धारित स्थलों पर ही बांधकर रखनें की जानकारी देते हुए कहा है कि सार्वजनिक मार्गों में पशुओं के आवारा विचरण करते पाए जानें पर पशु मालिक के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

### गुरु पूर्णिमा पर व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने सौंपे दायित्व

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर माधवनगर स्थित हरे माधव दरबार साहिब में 10 एवं 11 जुलाई को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे ने एक आदेश जारी कर निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को निर्धारित समय पर पूर्ण कराने के अधिकारियों को दायित्वों आवंटन किया है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को आयोजन स्थल परिसर एवं पहुँच मार्ग में विशेष साफ-सफाई चूनें की लाईन, कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

---

### नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में हुई कार्यवाही, दस्तावेजों को भी खंगाला

# मनमानी पर कार्रवाईः ओवर लोड 7 भारी वाहनों को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नियमों को दरकिनार कर अधिक कमाई के लिए भारी वाहनों में क्षमता से अधिक सामग्री लोड कर परिवहन किया जाता है। ओवरलोडिंग से जहां सड़कों को सत्यानाश होता है वहीं हादसे होने का भी खतरा बना रहता है। नगर पुलिस अधीक्षक ने ओवरलोड गिट्टी और रेत का परिवहन करने पर 7 वाहनों पर कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी वाहनों को कोतवाली थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।

जांच कार्यवाही के दौरान इन वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक मात्रा में निर्माण सामग्री लोड थी जिससे न केवल सड़क सुरक्षा प्रभावित होती है बल्कि शासन को राजस्व की हानि भी होती है। कार्रवाई के दौरान सभी वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें कई वाहनों के कागज अधूरे या संदिग्ध पाए गए।

नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने बताया कि थाना कोतवाली अंतर्गत घंटाघर और दुबे कॉलोनी क्षेत्र में ओवरलोड गिट्टी और रेत का परिवहन कर रहे 7 वाहनों पर में कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में की गई। इस कार्रवाई में 6 वाहन ओवरलोड गिट्टी और 1 वाहन ओवरलोड रेत के शामिल हैं।

#### इन वाहनों को किया जब्त

कार्यवाही के दौरान वाहन क्रमांक CG 04 PO 3445, MP 20 ZL 1568,MP 20 ZL 1668, MP 21 H 5050,MP 21 H 1223, MP21 H 1484, MP 18 GA 2368 में क्षमता से अधिक सामग्री लोड पाये जाने पर सभी वाहनों को जब्त कर कोतवाली थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। साथ ही वाहनों के कागजों की गहन जांच की गई, जिसमें कई वाहन मालिकों द्वारा दस्तावेज अधूरे पाए गए।

सीएसपी ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गए हैं ताकि शहर में अवैध परिवहन पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध नियम अनुसार दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। यह कार्रवाई आमजन की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने बताया कि शहर में अवैध और ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।

#### सड़क में फैलती है सामग्री

गौरतलब है कि भारी वाहनों में अधिक सामग्री भरने के लिए पटरा लगा लिये जाते हैं। क्षमता से अधिक सामग्री लोड करने पर वाहनों से गिट्टी, रेत या पत्थर सड़क पर गिर जाते हैं जिससे कई बार वाहन अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। ओवर लोड वाहनों के अनियंत्रित होने से कई बार गंभीर हादसे हो जाते है।

---



## उमरिया से रुपोंद पहुंच मार्ग कीचड़ में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों की उदासीनता व अनदेखी के चलते बड़वारा तहसील मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूरी पर जगतपुर उमरिया से रुपोंद तक का पहुंच मार्ग दलदल में तब्दील हो चुका है। इस मार्ग से ददरी मोहल्ला के लोगों के साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का प्रतिदिन आना जाना होता है। छात्र-छात्राओं को एवं ग्राम वासियों को इस मार्ग से पैदल चलने में आने जाने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है दो पहिया वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लोग चलते-चलते इस मार्ग में फिसल कर गिर पड़ते हैं जिससे कभी भी कोई भी हादसा घटित हो सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा इस मार्ग के निर्माण कराने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है। मार्ग को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनवाया जा सकता है किंतु मार्ग को क्यों नहीं बनवाया जा रहा।

ग्राम वासियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से एवं अधिकारियों से मांग की है कि जगतपुर उमरिया से रुपोंद तक जाने वाले मार्ग को अति शीघ्र सुधरवाया जाए ताकि लोगों को सुलभ मार्ग उपलब्ध हो सके एवं लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े छात्र-छात्राओं को भी स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है मार्ग की दशा यदि सुधरवा दी जाती है तो छात्र-छात्राओं को भी स्कूल आने-जाने में आसानी हो सकेगी।

---

*आदिवासियों पर अत्याचार एवं नियम विरूद्ध संचालित खदान को शीघ्र बंद कराये जाने की गई मांग*

## थाना तिराहे में कांग्रेसजनों ने किया धरना प्रदर्शन, कार्यवाही करने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा थाना तिराहे पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार और दुर्व्यवहार के खिलाफ चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बड़वारा थाना क्षेत्र में आदिवासियों के साथ हुई घटनाओं के दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और नियम विरुद्ध संचालित खदानों को बंद करने की मांग की।

#### आए दिन होते हैं हादसे

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भदावार ग्राम में कई खदानें अवैध रूप से संचालित हैं, जिनसे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आरोप लगाया गया कि इन खदानों में होने वाली ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर ग्रामीणों के घरों तक पहुंचते हैं। जब आदिवासी इसका विरोध करते हैं, तो उन पर उल्टे मामले दर्ज कर दिए जाते हैं, और खदान संचालक पुलिस की मौजूदगी में भी उन्हें भद्दी गालियां देते हैं।

ओंकार सिंह ने बताया कि इसी जगह पर खदान संचालकों की लापरवाही के कारण पूर्व में दो आदिवासी बच्चों और एक महिला की मौत हो चुकी है, लेकिन आज तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है और न ही पीड़ितों को कोई उचित मुआवजा मिला है। भदावार ग्राम में नियम विरुद्ध संचालित इन खदानों को तत्काल बंद किया जाए।

#### कार्यवाही नहीं होने तक जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन

धरने पर बैठे युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल और कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष विकास निगम, साथ ही राघवेंद्र सिंह ने चेतावनी दी कि आदिवासियों के साथ हो रहे इस अन्याय और अत्याचार के खिलाफ उनका विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जातीं। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात है।

---

### कोटवार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



मप्र आजाद कोटवार कर्मचारी संघ भोपाल के निर्देशन में ढीमरखेड़ा कोटवार संघ ने 11 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम राजस्व निरीक्षक मोहनलाल साहू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कोटवार संघ अपनी मांगों को लेकर कई बार शासन के अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ है ।कोटवार संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कोटवार पंचायत वर्ष 2007 की घोषणा अनुसार मप्र के सभी 38 हजार कोटवारों को पात्रता परिक्षण कर सेवा, मालगुजार भूमि का स्वामित्व प्रदान किया जावे। अभियान चलाकर सेवा भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जावे ।प्रदेश के सभी 38 हजार कोटवारों को नियमित करने सहित अन्य मांगों को शामिल किया हैं ।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रामसुजान दाहिया, दिनेश दाहिया,राजेन्द्र कुमार, दीपक कोटवार, रामकृपाल कोटवार,लक्ष्मी बाई, नम्रता दाहिया,संतोषी बाई, रामचरण कोटवार,भोजराज, लवकेश कोटवार सहित अन्य कोटवारों की उपस्थिति रही।

---

## लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बरही पुलिस ने लम्बे समय से फरार पशु क्रूरता अधिनियम के दो स्थाई वारंटियो को ग्राम जुगिया काप थाना एन. के.जे. से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ वीरेंद्र धार्वे के व्दारा लगातार अपराध एवं अपराधियो की धडपकड हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में गत 08 जुलाई 2025 को पशु क्रूरता अधिनियम के मामले में लम्बे समय से फरार आरोपी दो स्थाई वारंटी इब्राहिम खान पिता रसूल खान 28 वर्ष निवासी जुगिया काप थाना एन.के.जे. जिला कटनी मध्य प्रदेश एवं शाकिर खान पिता खालिख खान 29 वर्ष निवासी जुगिया का थाना एन.के.जे. जिला कटनी मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। मुखबिर से सूचना मिली कि मामले उक्त आरोपियो को ग्राम जुगिया काप मे अपने घर मे देखा गया है। सूचना पर गृह ग्राम जुगिया काप थाना एन. के.जे. से आरोपी इब्राहिम खान और शाकिर खान को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, सउनि राजेश कोरी, आर शिव कुमार पटेल, आर विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।

---

*जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने नही ली अब तक कोई सुध*

## अध्यापन के लिए 3 किमी पैदल चलकर विद्यालय जाने विवश है दिव्यांग बालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



दिव्यांग जनों के लिए सरकार द्वारा अनेकों प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन धरातल पर उनकी स्थिति कुछ ओर है जिस कारण दिव्यांगो को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पथराड़ी पिपरिया स्कूल में ग्राम हिनौती की दिव्यांग बालिका प्रतिमा यादव रोजाना 3 किमी का सफर कर पहुंचती है। प्रतिमा कक्षा आठवीं पढ़ती है तथा दाये पैर से दिव्यांग है। प्रतिदिन ग्राम हिनौती से पथराड़ी पिपरिया 3 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर स्कूल पढ़ाई करने जाती है। रास्ते मे कोई मिल गया जो सहानुभूति दिखाकर अपने वाहनों मे बिठाकर ले आया तों ठीक, नहीं धीरे धीरे वह स्कूल पहुंचती है। दिव्यांग बालिका को कृत्रिम उपकरण प्रदान करवाने अभी तक न तों जनप्रतिनिधियों ने न ही अधिकारियो ने कोई दिलचस्पी दिखाई जिससे मजबूरी वश वह पैदल ही स्कूल आती है पैदल ही स्कूल से घर जाती है।

बुधवार को जब दिव्यांग बालिका स्कूल से अपने घर हिनौती मार्ग से पैदल जा रही थी तों उसकी स्थिति पथराड़ी पिपरिया के पूर्व सरपंच गोविंद पटेल ने देखी जिन्होंने दिव्यांग बालिका के पास जा उसकी जानकारी ली ओर इसकी उस स्थिति का वीडियो बनाकर दिव्यांग बालिका को कुछ मदद मिल सके जिससे वह अपना आवागमन सुलभ तरीके से कर सके इसके लिए वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल हुआ।

इस संबंध मे ग्राम हिनौती सरपंच रामपाल यादव ने बताया कि गाँव कि दिव्यांग बालिका को बैटरी चलित ट्राई साईकिल मिल जाये इसके लिए जनपद सीईओ व विधायक के समक्ष बालिका को लाकर आप बीती स्थिति दिखाई गई। आश्वासन मिला कि जल्द ही बालिका को बैटरी चलित ट्राईसाईकिल प्रदान की जाएगी लेकिन अभी तक ट्राईसाईकिल नहीं मिल पाई है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि ग्राम हिनौती की दिव्यांग बालिका जो पथराड़ी पिपरिया सरकारी स्कूल मे आठवीं कक्षा पढ़ती है जो तीन किलोमीटर की दूरी तय कर स्कूल पढ़ने आती है लेकिन दाये पैर से दिव्यांग होने के कारण आने जाने मे समस्या होती है उसका मामला संज्ञान मे आया है। दिव्यांग बालिका को आने जाने जरूरी संसाधन की उपलब्धता हो सके इसके लिए जरूरी प्रयास किये जायेंगे।

---

### कमिश्नर न्यायलय ने अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को बताया वैधानिक

## बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष को कमिश्नर न्यायालय से लगा झटका, गई कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल को कमिश्नर न्यायलय से बड़ा झटका लगा है। कमिश्नर न्यायलय ने अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया को लेकर लगाई गई अपील को ख़ारिज कर दिया है जिसके बाद एक बार फिर जनपद अध्यक्ष को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी है। 4 जुलाई 2025 को कमिश्नर न्यायलय ने अपील ख़ारिज करते अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया को मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत वैधानिक माना है। अपील ख़ारिज होने की जानकारी क्षेत्र मे लगने से राजनैतिक गलियारों मे सियासी हलचल तेज हो गई।

#### 3 अप्रैल को लाया गया था अविश्वास प्रस्ताव

गौरतलब है कि बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल के खिलाफ जनपद सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विशेष सम्मिलन 3 अप्रेल 2025 को तहसील कार्यालय बहोरीबंद मे हुआ था। जहाँ जनपद अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया मे अपनी कुर्सी गवानी पड़ी थी। क्योंकि अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष मे 18 जनपद सदस्यों ने वोटिंग की थी।

#### हाईकोर्ट से मिला स्थगन

बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल को हालांकि हाईकोर्ट से राहत मिली लेकिन वो राहत भी चंद दिनों की रही। 3 अप्रेल को अविश्वास प्रस्ताव पर कुर्सी गंवाने के बाद इस मामले को लेकर कमिश्नर न्यायलय जबलपुर मे अपील लगाई गई लेकिन संभागायुक्त के न होने के कारण उस अपील पर सुनवाई न हो सकी जिस कारण समय ज्यादा लग रहा था। इस बीच जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल ने हाईकोर्ट की शरण ली ओर याचिका दायर की जिस पर हाईकोर्ट ने 8 मई 2025 को दिशा निर्देश देते हुए बड़ी राहत प्रदान की जिसमें जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया पर स्थगन जारी करते हुए जबलपुर संभागायुक्त को 90 दिनों के भीतर मामले का निराकरण करने को आदेशित किया।

हाईकोर्ट से मिले स्थगन के बाद एक बार फिर लाल कमल बंसल ने जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर जनपद अध्यक्ष की कुर्सी संभाली। वहीं हाईकोर्ट के आदेशानुसार जबलपुर कमिश्नर न्यायलय मे इस मामले पर नवागत संभागायुक्त जबलपुर ने सुनवाई की जिस पर सभी पक्षो की दलीलों को सुना गया। इसके बाद जबलपुर कमिश्नर न्यायलय जबलपुर के द्वारा 4 जुलाई 2025 को जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल की जो अपील अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया को लेकर लगाई गई थी उस अपील को ख़ारिज कर दिया।

कमिश्नर न्यायलय ने अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया को मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 व 1994 मे उल्लेखित प्रावधानो एवं नियमों के आधार पर समय विवेचना एवं परीक्षण उपरांत पारित अविश्वास प्रस्ताव संकल्प विधिमान्य माना गया।

#### इनका कहना है

इस संबंध में लाल कमल बंसल पूर्व जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद का कहना है कि अविश्वास प्रस्ताव की जो प्रक्रिया थी वह राजनीति के तहत कराई गई जिसमें प्रशासनिक अधिकारियो का भी सहयोग रहा। वहीं कमिश्नर न्यायलय मे भी यही स्थिति को देखने मिली। जब मामले पर प्रशासन पार्टी थी तो फिर अलग से कैवियट दायर करना समझ से परे है। इन्ही सभी मामलों लेकर अब हाईकोर्ट की शरण ली जाएगी।

---

## गुरु पूर्णिमा पर आज होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा का एक विशिष्ट पर्व है। यह पर्व गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी पर्व है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे भव्यता व उत्साह के साथ 10 जुलाई गुरुवार को मनाई जाएगी। जिसको लेकर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के गुरु आश्रमों मैं तैयारियां जारी है। स्लीमनाबाद के भेड़ा स्थित प्रभु कृपा सदन धाम मैं गुरु चरणों मे शीश नवाने जिले के अलावा दूसरे जिलों से भी शिष्यों का सैलाब उमड़ेगा। प्रभु कृपा सदन धाम भेड़ा मे गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रात 10 बजे से शाम 6 बजे तक गुरु दर्शन,पादुका पूजन, आशीर्वचन व भजन संकीर्तन होंगे। साथ ही दोपहर 12 बजे से देर शाम तक भंडारा आयोजित होगा। जिसमे प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। साथ ही हरिदास ब्रजधाम कोहका मैं गुरु पूर्णिमा पर्व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वही गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्लीमनाबाद में अखंड रामचरित मानस पाठ की शुरुआत होगी जो पूरे श्रावण मास से चलेगी।

इसी तरह लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जिसमे सायं 7 बजे भगवान मुरलीमनोहर ,आदिशक्ति मां दुर्गा ,भगवान भोलेनाथ की महाआरती होगी एवं प्रसाद वितरण होगा ।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 419.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 9 जुलाई तक कुल 419.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 605.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 133.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 215.2 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 379.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 500.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 372 मिलीमीटर, बरही तहसील में 287 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 381.6 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 415.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 605.6 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 413.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 13 सितंबर को होगी नेशनल लोक अदालत

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्वसंबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्वसंबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।

### 4 के विरूद्ध एफआईआर, 20 पशुपालकों पर लगाया 2 हजार रूपए जुर्माना

**कटनी।** नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में घुमंतु पशुओं के 4 पशुपालकों के विरूद्ध अब तक प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। इसमें पुलिस थाना स्लीमनाबाद मे 3 और कुठला थाना में दर्ज कराई गई 1 एफआईआर शामिल हैं। जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि आवारा पशु छोड़ने वाले 20 पशुपालकों पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 और सड़क में आवारा घूमते हुए गौवंश के कान मे लगे टैग को स्कैन कर पशुपालकों और मालिकों की पहचान कर एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री यादव द्वारा बीते 1 जुलाई को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत घुमंतु पशुओं के मालिकों व पशुपालकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करानें की कार्यवाही की गई है।

### जलभराव समस्या की कंट्रोल रूम में दें सूचना

**कटनी।** वर्षा ऋतु के दौरान नगर में कही भी जलभराव, बाढ़ अथवा प्राकृतिक आपदा की स्थिति निर्मित होने पर बचाव एवं राहत के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07622-292740 पर संपर्क कर नागरिकगण अपनी जलभराव संबंधी शिकायतों का निराकरण करा सकते है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहता है। नगर निगम सीमांतर्गत कहीं पर भी जलभराव, बाढ़ अथवा प्राकृतिक आपदा की स्थिति निर्मित होती है तो नागरिकों द्वारा बचाव एवं राहत के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर पर सूचना दी जा सकती है। कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का क्षेत्रीय दल के माध्यम से शीघ्र निराकरण किया जा रहा है।

---

**बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम कुंआ की घटना, कटनी में जर्जर मकान भी गिरा**

# आंधी बारिश में इमली का पेड़ गिरने से 5 हुए घायल, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुआं में आंधी बारिश की वजह से बुधवार की सुबह करीब 9 बजे अचानक इमली का पेड़ बीच सड़क में गिर गया। पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आए 5 व्यक्ति घायल हो गए। सभी को अस्पताल भेजा गया जहां शासकीय स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद में घायलों का उपचार किया जा रहा है। आवागमन सुगम और सुचारु बनाने पेड़ को सड़क से हटा दिया गया।

इमली के पेड़ गिरने और लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने तत्काल मौके पर एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया को भेजा। जहां पहुंच कर श्री चौरसिया ने घायलों को अस्पताल पहुंचवाया। इसके बाद इमली के पेड़ को हटाने की कार्यवाही की गई और रास्तेर से इमली के पेड़ को हटाकर यातायात सुगम और निर्बाध शुरू कराया गया।

एसडीएम ने बताया की घायलों में कुआं निवासी 50 वर्षीय कालू राम गुप्ता व 21 वर्षीय रोहित गुप्ता, ग्राम भखरवारा निवासी 45 वर्षीय नन्हे लाल एवं 40 वर्षीय अर्जुन यादव और ग्राम किरहाई पिपरिया निवासी 42 वर्षीय मोहम्मद साकिर शामिल हैं। इनमें दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। कालू राम को गंभीर चोट की वजह से सिहोरा अस्पुताल ले जाया गया था जहां से एमआईआर के लिए जबलपुर रेफर किया गया है।





### पांच विद्युत पोल टूट

इमली के पेड़ गिरने की वजह से बिजली के 5 खंभे टूट गये थे। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। लेकिन कलेक्टार श्री यादव के निर्देश पर इमली के पेड़ हटाने के बाद तत्कासल ही टूटे हुए खंभों की जगह नये खंभे लगाये गए और विद्युत लाइनों के मरम्मनत का कार्य शुरू कर जल्दु ही सुगम विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।

### भरभराकर गिरा जर्जर भवन

बुधवार को हुई बारिश की वजह से नगर के विश्वकर्मा पार्क के पास जर्जर मकान का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। विश्वकर्म पार्क के मुख्य सड़क और तिराहे पर आने जाने वाले मार्ग पर बना मकान काफी जर्जर हो चुका है।

पूर्व में भी नगर निगम द्वारा तीन से चार बार नोटिस दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। संयोग ठीक था कि कोई उस समय जर्जर भवन के नीचे संचालित नाश्ते की दुकान बंद थी और वहां पर कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

---

# फीड बैक से होगा पुलिस की कार्यप्रणाली का आंकलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने तथा पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी, उत्तरदायी और जनहितैषी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा एक अभिनव पहल "स्कैन करें-फीडबैक भरें" का शुभारंभ किया गया है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य थाने, कार्यालयों में आने वाले फरियादियों एवं आगंतुकों को प्राप्त अनुभवों के आधार पर पुलिस व्यवहार, कार्यप्रणाली और जवाबदेहिता का आंकलन करना है।

अभिनय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक द्वारा "स्कैन करें-फीडबैक भरें" पहल अंतर्गत पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों एवं प्रभारी कंट्रोल को "क्यू0आर0 कोड" प्रदाय कर थानों, चौकियों, कार्यालयों में लगाये जाने हेतु निर्देर्शित किया गया तथा थानों में आने वाले फरियादियों, आगंतुकों को भी अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त "कोड" को स्कैन कर थानों, कार्यालयों में आने वाले फरियादी एवं आगंतुक, पुलिस द्वारा उनकी शिकायतों पर की गई कार्यवाही एवं पुलिस व्यवहार के बारे में जानकारी फीड की जा सकती है। इस प्रणाली के अंतर्गत शिकायतकर्ता "क्यू0आर0 कोड" में पूर्व निर्धारित प्रश्नों के उत्तर फीड किये जा सकेंगे, जिनमें मुख्य रूप से,थाने में शिकायत सुनी गई या नहीं। पुलिस का व्यवहार कैसा रहा। शिकायत दर्ज करने में कितना समय लगा। कार्यवाही हुई अथवा नहीं। कार्यवाही के दौरान किसी प्रकार की अवैध मांग तो नहीं हुई।

उपरोक्त इन सभी बिंदुओं के आधार पर संबंधित थानों के कार्य का मूल्यांकन कर रेटिंग तैयार की जाएगी। साथ ही प्रत्येक थाने में दर्ज शिकायतों से संबंधित जानकारी एकत्र कर उसका डाटाबेस जिला कंट्रोल रूम में स्थापित सर्वर रूम में तैयार किया जाएगा, जिससे समस्त थानों की कार्यवाही की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। इस व्यवस्था को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से क्रियान्वित करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन थाना प्रभारियों को सम्मानित किये जाने हेतु अभिनय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया तथा अंतिम तीन स्थान में रहने वाले थाना प्रभारियों को सुधार हेतु निर्देशित किया जाएगा। "स्कैन करें-फीडबैक भरें" पहल के माध्यम से कटनी पुलिस एक आदर्श पुलिसिंग मॉडल की ओर अग्रसर है।

---

**बीआरसी सभी स्कूलों में पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र पहुंचाएंगे**

# विशेष अभियान के तहत स्कूलों के माध्यम से बनेगा जाति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विशेष अभियान चलाकर वर्ष 2025-26 के शैक्षणिक सत्र में शालाओं में नवीन नामांकित छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण निःशुल्क बनाये जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर स्कूलों के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित कर लोक सेवा केन्द्रों में आवेदन जमा कर डिजिटल जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु जिले में कार्य योजना तैयार की गई है।

जारी कार्यजोजना के तहत बीआरसीसी सभी स्कूलों में पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। वहीं स्कूलों के प्राचार्य या उनके द्वारा अधिकृत शिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदन के सभी कॉलम भरे गये हों तथा आवेदन पत्र सुवाच्यर हो। इसके अलावा आवेदन पत्र में डाईस कोड एवं हस्ताक्षर के साथ ही आवेदक के घोषणा पत्र पर भी हस्ताक्षर एवं मुहर लगाकर रजिस्टर में दर्ज करने के बाद ही बीआरसीसी कार्यालय को भेजेगें। बीआरसीसी, स्कूलों से प्राप्त आवेदनों को प्रूफ रीडिंग हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. के कार्यालय को भेजेगें। अनुविभागीय अधिकारी रा. द्वारा नियुक्त अधिकारी या कर्मचारी द्वारा प्रूफ रीडिंग कर आवेदन आनलाईन पंजीयन करने हेतु संबंधित लोक सेवा केन्द्र प्रभारी को उपलब्ध करायेंगे।

आवेदक यदि स्वयं आवेदन पंत्र में कोई गलत या अस्पष्ट जानकारी अंकित करता है या लोक सेवा केन्द्र में फीडिंग के समय कोई त्रुटि होती है और प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण जारी होता है तो उसे पुनः आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। वहीं जिन छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. द्वारा निरस्त किये जाएंगे उसकी जानकारी आवेदन में अंकित मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा दी जाएगी तथा कम्प्यूटर में कारण सहित दर्ज की जाएगी। लोक सेवा केन्द्र द्वारा उसका प्रिन्ट लेकर संबंधित को अवगत कराया जाएगा।

आवेदन पत्र में संबंधित छात्र-छात्रा का फोटो चिपकाया जाएगा जो सत्यापन के लिए प्रयोग में लिया जाएगा। जाति प्रमाण पत्र पर फोटो नही होगा। जाति प्रमाण पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी में अलग-अलग प्रिन्ट होगा तथा उसे अलग-अलग ही लेमिनेशन कराकर प्रदाय किया जाएगा। यदि किसी लोक सेवा केन्द्र में अन्य एसडीएम के कार्यक्षेत्र अथवा किसी अन्य जिले के निवासी छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र प्राप्त होते है तो उन्हें ऑनलाईन ट्रान्सफर की व्यवस्था सॉफटवेयर में की गई है। ऐसे आवेदन संबंधित एसडीएम जिले को ऑनलाईन स्थानांतरित किया जाएगा। लोक सेवा केन्द्र डिजिटल हस्ताक्षर से जारी किये गये प्रमाण पत्र का प्रिन्ट आउट निकालकर संबंधित संकुल को भेजेगें। ऐसे प्रकरणों को उस एसडीएम कार्यालय की दायरा पंजी बी-121 में पंजीबद्ध किया जाएगा जहां का आवेदक मूलतः निवासी है।

---

### चातुर्मास के लिए आगमन पर मुनिश्री की गई अगवानी



आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य 108 समय सागर महाराज परम प्रभावक शिष्य 108 पदम सागर महाराज का प्रात: आगमन हुआ। इस अवसर पर चाका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में मंगल कलश लेकर महिलाओं द्वारा एवं श्रेष्ठीजनों द्वारा मुनिश्री की भव्य आगवानी रंगोली सजाकर आरती उतार कर की गई। इस अवसर पर मुनिश्री के मांगलिक प्रवचन होने के पश्चात आहारचार्य सम्पन्न हुई। पंचायत महासभा के अध्यक्ष समाजसेवी संजय जैन द्वारा बतलाया कि मुनि श्री का मांगलिक चर्तुमास नगर में होना तय हुआ है जिससे आगामी 4 माह तक धर्म प्रेमी जनता को मांगलिक प्रवचन का लाभ मिलेंगा। इस अवसर पर चेतनोदय तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष स.सि.अनुराग जैन, स.सि.अनुज जैन, विनय जैन-निर्वृतमान एस.डी.एम. पप्पू मामा निर्मल कुमार जैन, मिट्ठूलाल जैन श्रीमति जूही जैन, विभा जैन, किरन जैन,विनीत जैन, रश्मि जैन, विमल, मनीष जैन-बर्तन, राहुल जैन बर्तन,शैलेन्द्र जैन, अमित जैन के साथ अनेक श्रावक-श्राविकाओं के साथ धर्मलाभ लिया।

---

# देवगांव पंचायत में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में गुरुवार 10 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में लोक सुनवाई का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

31 जुलाई को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत जुजावल मे, गुरुवार 7 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत खितौली में, गुरुवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में तथा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

---

**कलेक्टर ने अधिकारियों को सतर्क रहने दिये निर्देश**

# संभावित बाढ़, जलभराव एवं विषाक्त गैस जैसे जोखिमों से बचाव हेतु करें समन्वित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानसून सत्र के दौरान अत्यधिक वर्षा से बाढ़, जलभराव, डैमों, नदी-नालों का ऊफान एवं अन्य आकस्मिक आपदाओं की आशंका की संभावना के चलते इन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु कलेक्टंर दिलीप कुमार यादव ने समन्वित पूर्व-प्रबंधन की आवश्यकतानुसार प्राकृतिक आपदाओं के अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर अन्य जैविक, रासायनिक जोखिम से संभावित जनहानि से बचाव हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जारी दिशा-निर्देश के अनुसार आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों के मध्य समन्वय के लिये अपर कलेक्टशर साधना परस्तेक को नोडल अधिकारी को बनाया गया है। जो समस्त तैयारियों, अभ्यासों एवं आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की निगरानी करेंगी।

### संयुक्त कार्ययोजना बनायें

कलेक्टतर श्री यादव ने पुलिस अधीक्षक, अपर जिला दण्डाधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), आयुक्त नगर पालिक निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को राज्यु शासन के निर्देशनुसार संयुक्त कार्ययोजना तैयार कर संयुक्त माक ड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले में मौजूद सभी कुंए, सेप्टिक टैंक, बोरवेल, ड्रेनेज आदि की सुरक्षा व्यवस्था पुनः जांच करने तथा स्थानीय निकायों एवं जनप्रतिनिधियों की मदद से जन-जागरूकता अभियान चलाकर जनसमुदाय को ऐसे खतरों एवं जोखिमों से सतर्क करने के निर्देशित किया है।

### तत्काल साझा करें सूचना

निर्देश में जनसंचार माध्यमों (लाउड स्पीकर, व्हाटस एप्प ग्रुप, मुनादी, स्थानीय चैनल आदि द्वारा तत्काल सूचना साझा करने की जिम्मेहदारी समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को दी गई हैं।

### आपदा की स्थिति में करें ड्रोन का प्रयोग

कलेक्टार श्री यादव द्वारा जिले में कृषि विभाग, पुलिस विभाग, एसडीईआरएफ एवं अन्य विभागों में उपलब्ध ड्रोन के माध्यम से मैपिंग की जाने तथा आपदा की स्थिति में उपयोग में लिये जाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक, वन विभाग, उप संचालक कृषि, जिला कमांडेंट होमगार्ड, डीईजीएम को दिये गये हैं। इन ड्रोन का उददेश्य आपदा संबंधित बचाव सामग्रियों को पीड़ितों को उपलब्ध कराना होगा।

### अधिकारियों को करे प्रशिक्षित

कलेक्टिर श्री यादव ने समय सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों की उपस्थिति में आपदा प्रबंधन संबंधी सामग्री की प्रदर्शनी कराये जाने तथा उनकी उपयोगिता की जानकारी दिये जाने की जिम्मेबदारी जिला कमांडेंट होमगार्ड को दिया है।

---

**ढीमरखेड़ा का भमका गांव बना हरियाली का केंद्र, मिल रहा रोज़गार**

# प्रदेश भर में लहलहाएंगे बेलकुंड रोपणी के सागौन रूट-सूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के भमका गांव की वन विकास निगम बेलकुंड रोपणी से तैयार किए गए सागौन के रूट-सूट एवं पालीपौट पौधे प्रदेशभर को हरियाली से समृद्ध करेंगे। भमका गांव स्थित बेलकुंड रोपणी का नाम उस नदी के नाम पर पड़ा है जो इसी गांव से होकर गुजरती है बेलकुंड नदी। यह रोपणी अब ढीमरखेड़ा क्षेत्र की पहचान बन गई है। यहां पर तैयार होने वाले पौधे न केवल स्थानीय वन क्षेत्रों के लिए बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में भेजे जाते हैं। रूट-सूट सागौन के 21 लाख पौधे, पालीपौट सागौन के 2 लाख 17 हज़ार पौधे, यह मात्र आंकड़े नहीं, बल्कि प्रदेश की धरती को हरीतिमा से आच्छौदित करने का अभियान है।

रूट-सूट तकनीक से तैयार पौधे सामान्य पौधों की तुलना में अधिक टिकाऊ, मजबूत और तेजी से विकसित होने वाले होते हैं। ये पौधे विभिन्न मौसमीय परिस्थितियों में भी जीवित रहते हैं और उनकी जड़ें गहराई तक जाती हैं, जिससे भूमि अपरदन में कमी आती है। बेलकुंड रोपणी में इस तकनीक के तहत तैयार किए गए 21 लाख रूट-सूट सागौन अब प्रदेशभर के सूख चुके स्थानों में रोपित किए जाएंगे।

### पालीपौट सागौन गुणवत्ता और पोषण का प्रतीक

पालीपौट तकनीक के माध्यम से पौधे छोटे कंटेनर या थैलियों में उगाए जाते हैं, जिससे उन्हें स्थानांतरित करने में आसानी होती है और उनकी जड़ें कम क्षतिग्रस्त होती हैं। बेलकुंड रोपणी में इस वर्ष 2 लाख 17 पालीपौट सागौन का भी उत्पादन किया है, जो वन क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने में उपयोग किए जाएंगे।



### प्रदेशभर में जा रहे पौधे

बेलकुंड रोपणी से तैयार पौधों को प्रदेश के विभिन्न जिलों कटनी, सतना, सीधी आदि में भेजा गया है। 7 लाख 64 हजार पौधे अकेले सामान्य वन मंडल कटनी, सतना, सीधी में भेजे गए, जिसकी लागत लगभग 61 लाख 12 हज़ार रुपये है। यह न केवल पर्यावरणीय बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी बेलकुंड रोपणी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बेलकुंड रोपणी का संचालन न केवल पौधों के उत्पादन तक सीमित है, बल्कि इसने ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर खोले हैं। भमका, परसेल, रोझन, देहरी, कटरा, बिजौरी, जिर्री जैसे दर्जनों गांवों से सैकड़ों श्रमिक बेलकुंड आते हैं और 6 से 8 महीनों तक यहां कार्य करते हैं। इस रोपणी में नर्सरी से लेकर पौधारोपण, देखभाल और वितरण तक की सभी प्रक्रियाएं हाथों से होती हैं, जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों की भागीदारी रहती है। इससे न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता आती है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को हरियाली से जोड़ने का प्रयास भी होता है।

### कुंडम परियोजना मंडल

मप्र राज्य वन विकास निगम कुंडम परियोजना मंडल, जबलपुर द्वारा किया जा रहा है। प्रमुख अधिकारी संभागीय प्रबंधक राहुल मिश्रा, उपसंभागीय प्रबंधक श्रीमती अभिश्वेता रावत, रोपणी सहायक विवेक तिवारी इन अधिकारियों के नेतृत्व में बेलकुंड रोपणी को सशक्त दिशा मिली है। उनके मार्गदर्शन में रोपणी का प्रत्येक पहलू जैसे गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, वितरण प्रबंधन, कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा, पौधों की देखरेख, जल प्रबंधन योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

---

# कार्यवाही का नोटिस मिलने के बाद जमा कराई राशि

**ट्रांसपोर्ट नगर के आठों पट्टेदारों ने राशि जमा कर प्राप्त की अनुज्ञा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत डिमांड शुल्क की राशि जमा नहीं करने वाले 8 पट्टेदारों को भेजे गए सूचना पत्र के पश्चात निर्धारित एक सप्ताह की अवधि समस्त आठों पट्टेदारों द्वारा अपनी-अपनी डिमांड शुल्क की राशि निगम कोष में जमा करते हुए अपनी अनुज्ञा प्राप्त कर ली गई है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे नें नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था सहित ट्रांसपोर्ट नगर विकास हेतु इन व्यवसाईयों के सहयोग की सराहना करते हुए ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटित प्लाटों के ऐसे पट्टेदार जिनके द्वारा भवन अनुज्ञा अभी तक प्राप्त नहीं की गई है से भी शीघ्र निगम कार्यालय में अनुज्ञा हेतु आवेदन एवं डिमांड शुल्क जमा कर ट्रांसपोर्ट नगर से व्यवसाय प्रारंभ करने की बात कही है।

### 7 दिन का दिया था समय

उल्लेखनीय है कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत 8 पट्टेदारों द्वारा गो-डाउन निर्माण हेतु ए.बी.पी.एस. पोर्टल में कंसलटेंट के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा के आवेदन उपरांत निर्धारित डिमांड राशि जमा नहीं किये जाने पर निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा मंगलवार को पत्र के माध्यम से 7 दिवस के अंदर निर्धारित डिमांड शुल्क जमा करने के निर्देश दिये जाकर विपरीत परिस्थितियों में लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु सूचित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री श्री पटेल ने सुनी समस्याएँ

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने आज दमोह कार्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### श्री हरिकथा पूजन के साथ आज मनायेंगे दसवा जन्मदिवस



**तेन्दूखेड़ा।** वार्ड क्र 12 निवासी उदय सेन अपनी इकलौती पुत्री का प्रत्येक जन्मदिन प्रातः श्री हरि कथा पूजन के साथ प्रसाद वितरण कर सायं नगर के गायत्री प्रजापीठ में वैदिक सनातन संस्कृती अनुसार दीपयज्ञ कर मनाते हैं, इनकी बेटी ने भी 9 वर्षो से आज तक केक काटने की अपनी इच्छा व्यक्त नहीं की। पिछले 3 वर्ष से उदय सेन विश्वहिन्दू परिषद के प्रखण्ड मंत्री के दायित्व पर रहकर नगर के प्रत्येक धार्मिक-सामाजिक कार्यो में सदैव पूर्ण समर्पण भाव से सेवाकार्य एवं सनातन के प्रचार-प्रसार में सम्मलित रहते हैं। आधुनिकता की दौड में केक काटना मोमबत्ती बुझाने के कार्य को सर्वथा अनुचित एवं पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण बताते हुए उनका समाज के लिए एक प्रेरणाप्रद संदेश होता है कि कैसे हम सीमित खर्च के साथ अपने आराध्य के पूजन पाठ कर प्रभु कृपा के साथ भी हम अपने जीवन के प्रत्येक सुअवसरों को और भी भव्य दिव्य बना सकते हैं।

### एक अपराधी पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक रत्नेश ऊर्फ टाटा पिता अनंतराम मिश्रा निवासी ग्राम बोतराई थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात (90 दिवस) की कालावधि के लिये निष्कासित कर दिया है ।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने हड़ताल कर विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अखिल भारतीय आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर्स फैडरेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर हटा परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन मध्यप्रदेश (सीटू) द्वारा 9 जुलाई को राष्ट्र व्यापी केन्द्र बंद हड़ताल कर समस्त आंगनबाड़ी कर्मियों ने अध्यक्ष अनुराधा प्रजापति महासचिव रेखा पटेल के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम की अनुपस्थिति में नायक तहसीलदार राजेश सोनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मानदेय को पोषण ट्रेकर, संपर्क एप से न जोड़े जाए व संपर्क एप बंद किया जाए। पोषण ट्रैकर एप केन्द्र सरकार का एप है इसमें पूरे देश में कार्य किया जा रहा है। इस एप में आईसीडीएस संबंधी सर्वे से लेकर सभी 11 रजिस्टरों का कार्य करवाया जा रहा है। ऐसी कोई भी जानकारी नहीं है जो पोषण ट्रेकर एप में न ली जा रही हो। मध्यप्रदेश में अलग से संपर्क एप में वही काम लिया जा रहा है जो पोषण ट्रैकर में भी लिया जा रहा है इस तरह आंगनबाड़ी कर्मियों को वही कार्य दो एप-पोषण ट्रैकर एप एवं संपर्क एप में करना पड़ रहा है जिसे बंद किया जाए कार्यकर्ताओं से या तो ऑफलाइन काम लिया जाए या ऑनलाइन काम लिया जाए। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आंगनबाड़ी कर्मियों से अन्य विभागों का कार्य न लिया जाए, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए उम्र का प्रावधान खत्म कर 100% योग्य कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तब तक न्यूनतम वेतन कार्यकर्ता को 32 हजार एवं सहायिका को 26 हजार वेतन दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय पोषण ट्रैकर एवं संपर्क एप से न जोड़ा जाए।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सेवानिवृत होने पर सेवानिवृत्त लाभ की राशि उनके अंतिम मानदेय के साथ भुगतान की जाय। सेवा काल में मृत्यु होने पर 5 लाख रुपए की राशि परिवार जनों को सहायता रूप में प्रदान की जाए। 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के सरकारी स्कूलों में प्रवेश निरस्त किए जाने संबंधी अन्य मांगों लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने हटा परियोजना की समस्त सेक्टरों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की उपस्थित रही।

चर्चा कर प्राचार्यों को दिए दिशा निर्देश...

# प्राचार्य समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में बुधवार को जबेरा विकासखंड के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा शैलेंद्र असाटी एवं जबेरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरद तिवारी की उपस्थिति में किया गया। समीक्षा बैठक में जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा श्री असाटी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री तिवारी द्वारा कक्षा 09 से 12वीं तक कि विद्यार्थियों की शिक्षा पोर्टल 3.0 पर नामांकन की समीक्षा की गई एवं यूडिस पोर्टल वर्ष 2025, 2026 स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन और ड्रॉप आउट बॉक्स की स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही पुस्तक वितरण की समीक्षा एवं समेकित छात्रवृत्ति और एमपी ट्रास छात्रवृत्ति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा शैलेंद्र असाटी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरद तिवारी द्वारा बताया गया कि प्रबल छात्रों की डीई ग्रेड की सूची साथ में लाई जाए एवं टीचर गार्डन को दिए गए छात्र-छात्राओं की सूची जमा कराई जाए। इसी तरह पर्यटन क्विज प्रतियोगिता इंस्पायर अवार्ड मानक योजना एवं एक पेड़ मां के नाम आदि कार्यों की समीक्षा एवं साइकिल फीडिंग की समीक्षा करते हुए प्रबल छात्रों की पढ़ाई पर विशेष जोर देने के दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से विनोद कुमार बाजपेई, संजय बाजपेई, अजय सिंघई, जवाहर प्रधान, रामकिंकर शर्मा, कमल सिंह ठाकुर, मोहन सेन, भारत सिंह मरकाम, लक्ष्मी सूर्यवंशी, विनोद झारिया सहित विकासखंड के अनेकों प्राचार्यों की उपस्थिति रही।

# 50 बैग और शैक्षिक सामग्री वितरित



**दमोह।** सामाजिक दयित्व कार्य के अंतरगत मायसेम सीमेंट कंपनी की तरफ से 50 बैग और शैक्षिक सामग्री वितरण शासकीय प्राथमिक विद्यालय डेमोंड कॉलोनी इमलाई और शासकीय प्राथमिक विद्यालय खिरिया में विद्यार्थियो को किया गया। इस मौके पर कंपनी के तरफ से अखिलेश ताम्रकार प्लांट हेड इमलाई आलोक किशोर तिवारी, राजेश भोमिया और अरविंद पटेल और शेखर राठौड़-सरपंच-खिरिया पंचायत, भरत अहीरवाल और बिहारी लाल शिक्षक मौजूद थे।

# हटा बीएलओ प्रशिक्षण का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में चल रहे बीएलओ प्रशिक्षण का जायजा लेने कलेक्टर सुधीर कुमार गोचर हटा पहुंचे जहां प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ से निर्वाचक नामावली की अद्यतीकरण प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए विभिन्न तकनीकी पहलुओं से संबंधित शंकाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण में फॉर्म भरने में निर्मित होने वाली विभिन्न परिस्थितियों को केश स्टडी पर रोल प्ले के माध्यम से बीएलओ को मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, विजय बहादुर सिंह,दिनेश प्यासी, रामवीर सिंह द्वारा सभी समस्याओं और जिज्ञासाओं को दूर किया जा रहा है। पिछले तीन दिन से जारी प्रशिक्षण में प्रति दिवस 50-50 बीएलओ के बैच बनकर निर्वाचक नामावली के सभी सूक्ष्म पहलुओं पर विधानसभा के दोनों विकासखंड मुख्यालय पटेरा और हटा में अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व और निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी राकेश सिंह मरकाम के निर्देशन में प्रकाश डाला जा रहा है।

# गुरु पूर्णिमा पर होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

आस्था के प्रमुख केंद्र शंकरगढ़, कुसमी मानगढ़, सिमरी और पंचमुखी हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। इन मंदिरों में अखंड रामायण पाठ शुरू होगा और गुरु प्रतिमाओं के दर्शन के लिए क्षेत्र भर से हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे।

#### कुसमी मानगढ़

कुसमी मानगढ़ में दशकों पहले रहे समाधिलीन संत श्री दिगंबर ओमकार गिरी महाराज की धरोहर आज भी क्षेत्रवासियों के प्रमुख दर्शनीय स्थल के रूप में जाना जाता है। संत के आगमन से पहले कुसमी क्षेत्र बंजर भूमि हुआ करता था, लेकिन उनके आगमन के बाद यह क्षेत्र कृषि के क्षेत्र में समृद्ध हो गया।

#### सिमरी पंचमुखी हनुमान मंदिर

सिमरी में पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण समाधिलीन संत श्री रामायणि दास जी महाराज के द्वारा करवाया गया था। यह मंदिर आज क्षेत्र के प्रमुख आस्था का केंद्र है और यहां गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य आयोजन होते हैं।

#### शंकरगढ़ धाम

शंकरगढ़ धाम में समाधिलीन संत विष्णु दत्त शास्त्री ने रहते हुए देवश्री जागेश्वर नाथ बांदकपुर की तर्ज पर स्थान का कायाकल्प करते हुए शिव पार्वती मंदिर निर्माण करवाया और मंदिर से लगी पहाड़ी पर हजारों पेड़ पौधों को संरक्षित किया। आज शंकरगढ़ धाम में हजारों वृक्ष और गौशाला में सैकड़ों गौ माताओं का लालन-पालन हो रहा है। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु पूजन और उनकी महिमा का स्मरण करने का अवसर है। इन आस्था के केंद्रों में गुरु प्रतिमाओं के दर्शन और पूजन के लिए क्षेत्र भर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और गुरु की महिमा का गुणगान करते हैं।प्रसाद भंडारे में शामिल होकर घरों को खुशी खुशी लौटते है।

# जनशिक्षा केंद्र स्तरीय बैठक सम्पन्न शिक्षकों को मिले निर्देश

रनेह।



शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से सत्र अंत तक के लिए विद्यालयों में सामान्यतः लागू होने वाले नियम निर्देशों से परिचित कराने जनशिक्षा केंद्र स्तरीय एक आवश्यक बैठक का आयोजन संकुल केंद्र रनेह में किया गया। बैठक के दौरान सभी विद्यालयों में संलग्न स्व सहायता समूहों के अध्यक्ष को पी एम पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत एम डी एम वितरण के सम्बन्ध में सख्त हिदायत दी गयी कि बच्चों को ताज़ा एवं स्वादिष्ट भोजन प्रदाय किया जाये साथ ही किसी भी स्थिति में बच्चे अपनी थाली नहीं धोयेंगे।

प्रभारी संकुल प्राचार्य अरविन्द कुमार राजोरिया ने सभी संस्था प्रभारियों को एजुकेशन पोर्टल पर वर्तमान में संचालित कार्यवाहियों को पूर्ण करने निर्देशित किया यहाँ डाटा एंट्री ऑपरेटर पवन तिवारी ने सभी प्रभारियों को एजुकेशन पोर्टल की बारीकियों से एवं किये जाने वाले कार्यों से परिचित कराया।

जनशिक्षक संदीप सोनी द्वारा प्रत्येक विद्यालय में रिकार्ड एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की पूरी प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत शामिल समस्त शालाओं के प्रभारियों एवं समूह संचालकों सहित जनशिक्षक संजय भोजक की उपस्थिति रही।

भारी बारिश के बावजूद 491 गर्भवती महिलाओं ने विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा का उठाया लाभ

# गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था बनायें-कलेक्टर

### कलेक्टर ने बटियागढ़ एवं सदगुवां का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में सुबह से लगातार हो रही भारी बारिश के बावजूद चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती एवं सामान्य गर्भावस्था वाली महिलाओं ने उत्साह पूर्वक सामुदायिक एवं आयुष्मान आरोग्यम प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थाओं में पहुंचकर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। 491 महिलाओं का स्त्री रोग विशेषज्ञों/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच कर सेवायें प्रदान की। जिला स्तर से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी सहित कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिकों का जायजा लिया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक का औचक निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सदगुवां पर जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच प्रक्रिया की जानकारी लेकर प्रदायित की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। कलेक्टर श्री कोचर ने पी.एच.सी सदगुवां पहुंचकर अभियान के दौरान संचालित क्लीनिक का अवलोकन करते हुये स्वास्थ्य सेवा एवं बनाई गई व्यवस्था पर खुशी जाहिर की। उन्होने मौके पर ही दो महिलाओं को आयरन सुक्रोज देना पाया गया। चिकित्सक डॉ. पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि सामान्य गर्भवती महिला की जांच संस्था में नियमित रूप से की जा रही है। आज 6 गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने महिलाओं के परिजनों एवं आशा कार्यकर्ता से यहां दी जा रही उपचार सेवा एवं बनाई गई सुविधाओं के संबंध में चर्चा कर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा करते हुये कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ पहुंचकर पहले से चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची का क्लीनिक में आई महिलाओं से मिलान किया। उनसे चर्चा कर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। अवलोकन के दौरान देखा गया जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए पृथक से ओ.पी.डी. काउण्टर की व्यवस्था की गई है। गर्भवती महिलाओं के बैठने की सुविधा और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। इस दौरान मौके पर ही 40 गर्भवती महिलाओं की जांच की जा चुकी थी। कलेक्टर श्री कोचर ने सी.बी.एम.ओ. को निर्देशित किया कि व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाये। गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था बनाई जाये। बाहर से लौटी गर्भवती महिलाएं जो जांच के लिए आई है, उनके एमसीपी कार्ड भी बनायें जायें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाया जाये। सुलभ और समुचित ढंग से स्वास्थ्य सेवाएं महिलाओं तक पहुंचायें। सिविल अस्पताल हटा में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता त्रिवेदी ने चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के अलावा 24 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की। संस्था में गर्भवती महिलाओं को सेहतमंद बनाये रखने में उपयोगी पोषण पोटली का वितरण भी किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका छाबड़ा, तेन्दूखेड़ा में डॉ. रवेन्द्र ठाकुर, जबेरा डॉ. पूर्वशी राय, बटियागढ़ में डॉ. मिताली हैरिसन, पटेरा में डॉ. प्रियांशी साहू एवं हिण्डोरिया में डॉ. ज्योति दुबे ने जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जाँच की।

# एसडीओ के वाहन को साईड नहीं मिली तो बस को रखवा दिया मय यात्रियों के थाने में, हैरान परेशान रही महिलाएं

### लोगों की परेशानी का पुलिस को नहीं ख्याल , खुद को परेशानी हुई तो भिजवा दिया बस को थाने

**तेंदूखेड़ा।** नगर के लोगों की परेशानी का पुलिस को ख्याल नहीं है नगर में मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन बसें खड़ी होती हैं इससे पुलिस को कोई सरोकार नहीं लेकिन जब खुद पर बनी तो बस को रखवा दिया थाने में ।पुलिस की गलती कहे की बस चालक की, लेकिन गलती का खामियाजा भुगतना पडा यात्रियों को । लेकिन बस में बैठे यात्रा कर रहे यात्रियों कहना था कि बस चालक की कोई गलती नहीं है उसके बावजूद पुलिस के अधिकारी द्वारा बस को थाने भेजना पूर्ण रूप से गलत है मंगलवार को एक अजीबोगरीब वाक्या सामने आया मंगलवार को नगर का साप्ताहिक बाजार रहता है भीड़भाड़ की चलते आने जाने में परेशानी होती है नगर की यातायात व्यवस्था पूर्ण रूप से कई सालों से गड़बड़ है जिसके संबंध में कई बार समाचार प्रकाशित किए गए लेकिन पुलिस ने केवल व्यवस्था सुधारने की बात कहती है लेकिन व्यवस्था नहीं सुधरी।



### साइड नहीं देने पर पहुंची बस थाने

मंगलवार को दोपहर 3:05 पर यादव बस कंपनी की बस जबलपुर से दमोह जाने वाली यादव ट्रेवल्स की बस जब बस स्टैंड से दमोह के निकली तो भीडवाड़ के कारण धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी पीछे एसडीओपी पुलिस का सरकारी वाहन चल रहा था। तारादेही तिराहे पर खड़े दर्जनों ऑटो रिक्शा के कारण बस को रुकना पड़ा एसडीओपी वहां की चालक ने लगातार सायरन बजाया लेकिन आगे बढ़ाने कोई जगह न होने के कारण बस खड़ी रही यही बात एसडीओपीआईसी को नाग गवार गुजरी यातायात के कारण ड्राइवर ने बस रोक दी। इसी दौरान एसडीओपी के वाहन चालक में लगातार बजाय लेकिन भीड़भाड़ की चलते व्यवस्था नहीं बन सकी। साथ ही तारादेही तिराहे को बसो ने बस स्टैंड बना रखा है जिसके कारण भी बस रुकी दिन भर में 70 से 80 बसे यहां रूकती है कई बार समाचार प्रकाशित करने के बावजूद पुलिस व्यवस्था नहीं बना पाई है। लेकिन जब पुलिस बाहन को लगभग 5 से 6 मिनट व्यवस्था इस व्यवस्था में रुकना पड़ा तो इससे बौखलाए एसडीओ डी एस ठाकुर ने तत्काल ही बस को थाने भिजवा दिया और यात्रियों की एक नहीं मानी और कहा कि बस थाने जाएगी बस में सवारियां थी एक महिला तो बस में बीमार भी थी लोगों द्वारा एसडीओपी से कहा गया कि बस का चालान काट दें लेकिन बस को जाने दें लेकिन एसडीओपी ने किसी की एक नहीं मानी और बस को थाने भिजवा दिया। पुलिस की इस प्रकार की प्रणाली से जहां बस यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही बस मालिक भी अपने यात्रियों को सुविधा नहीं दे सके लगभग 2 घंटे इंतजार के बाद सवारियां दूसरी बसों से अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हूं।

### बस में बैठी सवारियों को हुई परेशानी

जबलपुर से दमोह जा रही सवारियों को काफी हैरानी परेशानी हुई लगभग 2 घंटे तक इंतजार करने के बाद पुलिस ने बस नहीं छोड़ी जबकि यात्रियों का कहना था कि फाइबर की कोई गलती नहीं है। भीड़भाड़ के कारण पीछे की गाड़ी को साइड नहीं दी जा सकी जिसके कारण हम लोगों को पुलिस के अधिकारी द्वारा परेशानी में डाल दिया गया है। यात्रियों जिन्होंने यह बात बताई उनमें प्रभात पाठक प्रदीप वर्मा रूपलाल देवकी चौधरी कमल लता ठाकुर बृजेश सिंह पिंकी सहित अन्य यात्री शामिल है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओपी डी एस ठाकुर का कहना था कि बस वाले मनमानी कर रहे हैं । लगभग 10 मिनट तक सायरन बजाया गया लेकिन बस वाले ने बस नहीं हटाई साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर बिना ड्रेस के थे जिसके तहत चलानी कार्रवाई की जा रही है बस अभी नहीं छोड़ी जा सकती।

### जिले में 432.1 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 432.1 मि.मी. अर्थात 17 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 229.2 मि.मी. अर्थात 9.1 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 202.9 मि.मी. अर्थात 7.9 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह और जबेरा में 521.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 521.0 मि.मी., हटा 451.1 मि.मी., जबेरा में 521.0 मि.मी. पथरिया 432.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 387.2 मि.मी, बटियागढ़ 349.0 मि.मी. तथा पटेरा में 364.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 10.2 मि.मी. अर्थात 0.4 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 21 मि.मी., हटा में 13.6 मि.मी., जबेरा में 11.0 मि.मी. पथरिया 10.0 मि.मी., बटियागढ़ 4.0 मि.मी. तथा पटेरा में 12.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### थाना कुम्हारी ने एक आरोपी से 55.5 किलो ग्राम अवैध गांजा जब्त किया

# अवैध गांजा की बड़ी खेप पकड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कुम्हारी पुलिस ने एक आरोपी से 50 किलो से अधिक अवैध गांजा पकडा है। पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक दमोह सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी महोदय हटा प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन पर थाना प्रभारी कुम्हारी उनि. बृजेश पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम के प्रयास से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों के विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में ग्राम पटेरिया मे रेल्वे अंडर पास के पास से दिनांक 08 जुलाई 25 को संध्याकालीन समय में मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दबिस देकर एक आरोपी से 55.590 किग्रा, अवैध गांजे की खेप की जप्ती की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुम्हारी मे सगौनी रेल्वे स्टेसन के वाह ग्राम पटेरिया मे रेल्वे अंडर पास के पास में दिनांक-08.07.25 को अवैध गांज बैचने की फिराक मे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर दबिस देकर अवैध गांजे की खेप को जप्त किया गया है। पुलिस ने चंदन धल पिता स्व. गोकल घल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम जुजुमुरा थाना जुजुमुरा जिला सम्बलपुर (उडीसा) को गिरफ्तार किया है। सराहनीय कार्य करने वालों में उनि. बृजेश कुमार पाण्डेय, सउनि.गोविन्द सिंह, प्र.आर. सुरेन्द्र, आरक्षक राजेश कुमार, बलवंत लोधी, रमाकांत साहू, आशीष कुमार, रामबहादुर एवं प्रीतम सिंह एवं सायवर सेल से प्र.आर. राकेश अठया, मयंक एवं गठित टीम से प्र. आर. अजित, प्र. आर. सूर्यकांत एवं प्र.आर. संजय पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मतदान से अग्रवाल समाज दमोह के अध्यक्ष बने राकेश अग्रवाल



**दमोह।** अग्रवाल समाज के द्वारा पहली बार मतदान से चुनाव कराये गये। इनमे अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान कराया गया था जिसमें करीब एक माह पूर्व एक मीटिंग में चुनाव समिति गठित की गई थी जिसमें आठ सदस्य टीम डॉक्टर अशोक अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल गुरु दत अग्रवाल अतुल अग्रवाल कृष्णकांत अग्रवाल विकास अग्रवाल शशांक अग्रवाल दीपक अग्रवाल शामिल रहे। वही कार्यकारी अध्यक्ष के लिए पूर्व जिला अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल को नियुक्त किया गया जिसमें निर्णय लिया गया था की 1,2,3,4,5 के क्रम में वोटिंग कराई जाएगी जिसको एक नंबर सबसे ज्यादा मिलेंगे। वह अध्यक्ष उसी क्रम में उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों की नियुक्ति की जाएगी शेष लोग कार्यकारिणी में रहेंगे। इस चुनाव में सबसे अच्छी बात यह रहेगी की कोई भी प्रत्याशी न हारेगा ना जीतेगा सभी को समाज के द्वारा विजयी घोषित किया गया जिसमें कुल 10 प्रत्याशियों के आवेदन आए थे जिनमें से जिला अध्यक्ष के रूप में राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राज बहादुर अग्रवाल, सचिव विजय अग्रवाल, सह सचिव जगदीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल बने। कार्यकारिणी में नरेंद्र अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, किशोरी अग्रवाल विजयी हुए। चुनाव परिणाम देर शाम करीब 5:30 बजे आया। वहीं नवनिर्वाचित समिति के द्वारा चुनाव समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया परिणाम के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा सर्वप्रथम महाराज अग्रसेन व राधा कृष्ण मंदिर वर्ल्डबॉस हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए गए। वहीं जिला अध्यक्ष का कहना है कि जिस पद के लिए हमें चुना गया है। उसकी गरिमा रखते हुए किए गए वादों को हम शीघ्र ही सभी के साथ मिलकर पूरा करेंगे।

### नवनिर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का सांसद ने लिया जायजा....

# अगले वर्ष सितम्बर तक मेडिकल कॉलेज दमोह के लिये समर्पित हो जायेगा-सांसद राहुल सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नवनिर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज दमोह का क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह ने भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने बॉयज हॉस्टल, नर्सिंग स्टाफ आवास, ऑडिटोरियम आदि निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की । इस अवसर पर एसडीएम आरएल बागरी विशेष रूप से मौजूद थे। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की गई है और तकरीबन 75-80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, बॉयज हॉस्टल, नर्सिंग स्टाफ के आवास की सुविधा और ऑडिटोरियम जहाँ पर छात्रों का सेमिनार होना है, जिस हिसाब से कार्य प्रगति की गति चल रही है, मुझे ऐसा लगता है कि मार्च तक कंप्लीट हो जाएगा और सितम्बर तक एडमिशन की स्थिति यहाँ पर बनने लगेगी। बड़े ही संतोषजनक स्थिति में काम चल रहा है और निरंतर हम सभी का प्रयास था कि मेडिकल कॉलेज दमोह को मिले तो मुझे लगता है कि अगले वर्ष सितम्बर तक मेडिकल कॉलेज दमोह के लिये समर्पित हो जायेगा। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के अलावा संजय यादव, भरत यादव सहित कार्यकारी एजेंसी के अधिकारी-कर्मचारी गण मौजूद थे।

# घर में लगी आग

**दमोह।** जिले के थाना हिंडोरिया अंतर्गत बांदकपुर चौकी के अथाई मोहल्ला निवासी घनश्याम सिंह के घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीकेज होने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में घर का सारा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर फटने का विस्फोट इतना भयंकर था कि घर के परखच्चे उड़ गए। पुलिस जांच में जुटी हुई है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। आग की घटना के बाद घर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और पड़ोसियों ने मदद के लिए आगे आए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और आगे की कार्रवाई शुरू की।

### कार के एयर बेग खुलने से नहीं हुई जनहानि, टला बड़ा हादसा, कार के उड़े परखच्चे, टूटा पेड़

# बारिश के बीच तेज रफ्तार कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र लगातार सड़क हादसे हो रहे और थमने का नाम नहीं ले रहे हैं कभी बाइक सवार टकरा रहे हैं तो कभी वाहन चालक अंधे मोड़ पर शिकार हो रहे हैं। कभी अनियंत्रित होकर वाहन पलटते रहते हैं बुधवार को भी थाना के अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर एक तेज रफ्तार कार बम्हौरी की घाट पर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। रफ्तार इतनी तेज थी टक्कर के बाद पेड़ भी उखड़ गया और दूर जा पहुंचा हादसे में कार के सामने से परखच्चे उड़ गए हैं।



हादसे के बाद कार में सवार सभी यात्री राहगीर सुरक्षित बताएं जा रहे हैं। हादसा इतना भीषण था कि जिसने भी यह हादसा देखा तो लोगों के मुंह से एक ही बात निकलकर सामने आ रही थी कि कार में सवार लोग बचे नहीं होंगे क्योंकि कार के परखच्चे उड़ गए थे और पेड़ से टकराकर दूर जा पहुंची घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कार क्रमांक एमपी 15 सीबी 6149 जो तेन्दूखेड़ा की और से सागर तरफ जा रही थी लेकिन रास्ते में हादसा हो गया हादसे में बाद कार सवार सभी लोग कार को छतिग्रस्त हालत में छोड़कर अन्य वाहन से सागर चले गए। घटना की जानकारी लगते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस और डायल 100 मौके पर पहुंची और कार की जांच पड़ताल की और कार को सड़क किनारे सुरक्षित किया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बताया गया है। हादसे का कारण अंधा मोड़ है जहां पर कार रफ्तार के साथ थी तभी मोड़ पर कोई जंगली जानवर सामने आ गया और उसे बचाने के चक्कर में अंधे मोड़ पर सड़क किनारे लगे पेड़ से कार टकरा गई और कार के परखच्चे उड़ गए तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### कार के एयरबेग खुलने से नहीं हुई जनहानि

वहीं इस मार्ग पर चलने वाले राहगीरों ने देखा कि एक कार सड़क किनारे पेड़ से टकराकर छतिग्रस्त हालत मे खड़ी हुई है तो लोगों ने वहा खड़े होकर कार के अन्दर देखा तो कार के एयरबेग खुले हुए थे जिसे देखकर लोगों ने कहा कार सवार लोग एयर बेग खुलने से इतने भीषण हादसे से सुरक्षित बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई है अगर कार में एयर बेग नहीं होते तो कार में सवार लोगों का बचना मुश्किल था क्योंकि हादसे में कार चालक के हिस्से तरफ से चकनाचूर हो गई है वहीं आपको बता दें इस स्थान पर पूर्व में कई हादसे घटित हो चुके हैं

# लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर, केवलारी में घरों में भरा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

लगातार हो रही बारिश से ग्राम केवलारी में नदी नाला उफान पर आ गये जिससे ग्रामीणों के घर में पानी पहुंच गया घरों में पानी पहुंचने से जितना अनाज था पूरी तरह से बरसात में भीग गया है कुछ लोगों का तो अनाज पानी में बह गया है ग्राम केवलारी के गोविंद पाल ने बताया हमारे घर में दो दिन से पानी भरा हुआ है हम लोगों को दो दिन से खाना बनाने में बहुत ही तकलीफ हो रही है आज से पहले 2005 में ऐसी बारिश हुई थी जिसे नाला उफान पर था कि आज लगातार बारिश से नाला बहुत ही खतरनाक साबित होता है अगर किसी को स्वास्थ्य केंद्र जाना है तो बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है केवलारी के ग्रामीण गोविंद कुर्मी ने बताया कि हमारी उम्र 65 साल की हो गई है हमने अपनी उम्र में ऐसी बारिश आज तक नहीं देखी जो आज दो दिन से लगातार बारिश हो रही है ग्रामीणों ने बताया कि हमारे घर में अधिक पानी हो जाने से हमारा अनाज पूरी तरह भीग गया और खराब हो गया।

### क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही है मौत को बुलावा

वही ग्राम से पथरिया मार्ग पर समीप में पुलिया है जो क्षतिग्रस्त हो गई है ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर यह पुलिया पार कर रहे हैं यह पुलिया एक रेत का ट्रक निकल जाने से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके चलते ग्राम केवलारी एवं पांच गांव का संपर्क टूट गया है आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है पथरिया जाने के लिए दूसरे रास्ते से गुजरना पड़ता है यह पुलिया जन संसाधन विभाग के द्वारा खोदी गई थी जल संसाधन विभाग के ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण कर इस पुलिया को बनाया गया था पगरा डेम सिंचाई परियोजना के तहत किसानों को खेती के लिए पाइपलाइन डाली गई थी ठेकेदार की लापरवाही एवं जल संसाधन विभाग की लापरवाही सामने उजागर हुई है इस पुलिया को बने अभी दो से तीन माह हुए हैं और यह पूरी तरह से बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है ग्रामीण क्षतिग्रस्त पुलिया से निकल रहे हैं एक युवक क्षतिग्रस्त पुलिया पार करते समय घायल हुआ है उसका कहना है कि हम मोटरसाइकिल से पथरिया जा रहे थे कि अचानक क्षतिग्रस्त पुलिया के नीचे फिसल गए जिससे हमारे हाथ पांव में गंभीर चोटें आई हैं ग्राम केवलारी के मुन्नालाल साहू मोटरसाइकिल के साथ खुद पुलिया के नीचे गिरे हुए नजर आ रहे हैं यह पुलिया यदि जल्द से जल्द नहीं बनाई जाती है तो ग्रामीणों की शासन प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द इस पुलिया का निर्माण किया जाए ताकि हम लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# टहल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

### हादसा इतना भीषण कि ट्रक फंसकर दूर तक घिसटा युवक, बिखरा पड़ा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के नोहटा थाना के ग्राम नोहटा में सोमवार की रात्रि करीब साढ़े आठ बजे एक युक्क अपने भाई के साथ सड़क पर टहलते वक्त तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि मृतक ट्रक के पहिए में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटा चला गया जिससे उसके शरीर के अंग सड़क पर बिखरते गए। भीषण सड़क हादसे को देखते प्रत्यक्षदर्शियों के रोंगटे खड़े हो गए और सड़क पर भीड़ जमा हो गई भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते हैं नोहटा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी लेकिन ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से खराब हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार नोहटा निवासी महेंद्र पिता दौलत सींग आदिवासी उम्र 42 विद्युत मंडल की तरफ से खाना खाकर अपने घर की ओर टहल रहा था तभी जबेरा की और से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने युवक को पीछे टक्कर मार दी और युवक को मौके पर दर्दनाक मौत हो गई बताया जाता है अज्ञात वाहन रफ्तार बहुत तेज थी और घटना को अंजाम देकर ड्राइवर ट्रक सहित फरार हो गया। सूचना लगते ही नोहटा पुलिस मौके पर पहुंची एवं आज शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है भाई के साथ ने टहल रहे भाई की सड़क हादसे में हुई मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही ग्राम में मातम पसरा हुआ है पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश करने ने जुटी है।

# ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरे में गुजार रहे रात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सगोड़ी खुर्द के ग्राम कंजई मानगढ़ के रहवासी ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बरसात के दिनों में भी विगत सात दिनों से अंधेरे में रात गुजार रहे हैं। जिसकी शिकायत ग्रामवासियों द्वारा अनेकों बार बिजली विभाग से की गई किंतु आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ जिससे ग्रामवासी अत्यंत परेशान है। ग्राम पंचायत सगोड़ी खुर्द के उपसरपंच राहुल राय ने बताया कि करीब दो सौ की आबादी वाले ग्राम कंजई मानगढ़ में एक ही ट्रांसफार्मर रखा है जो विगत सात दिनों से खराब है इसकी शिकायत अनेकों बार बिजली विभाग जबेरा में की गई किंतु आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया जिससे ग्रामवासी बरसात के दिनों में भी अंधेरे में रात गुजार रहे हैं। वहीं ग्राम कंजई मानगढ़ के निवासी प्रीतम राय, सुराज सिंह, हल्के सिंह, महेंद्र सिंह, मोनू राय, मुकेश राय, रूपचंद राय आदि ने बताया कि गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विगत हफ्ते भर से गांव की लाइट बंद है बरसात का मौसम चल रहा है और ऐसे में रात के समय विषैले जीव जंतुओं का डर बना रहता है और रात के समय गांव के बच्चे पढाई लिखाई भी नहीं कर पा रहे हैं लाइट नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के कारण बीमारियां फैलने का डर अलग बना हुआ है। ग्राम वासियों ने मांग करते हुए कहा है कि यदि शीघ्र ही ग्राम का ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया तो ग्रामवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे और जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बंदरकोला जलाशय के बांध में मिट्टी का धंसावः तालाब फूटने का डर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बंदरकोला जलाशय के बांध में मिट्टी का धंसाव होने से ग्रामीणों में तालाब फूटने का डर है। पिछले वर्ष बारिश के दौरान नहर के बेस्टवियर के पास हुलक होने के कारण मिट्टी का धंसाव शुरू हुआ था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से की थी। विभाग ने मरम्मत कार्य किया था, लेकिन इस वर्ष बारिश की शुरुआती दौर में फिर से मिट्टी का धंसाव शुरू हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी भराव की जगह धसाई सही तरीके से नहीं होने के कारण मिट्टी का धंसाव हो रहा है, जबकि जल संसाधन विभाग के अधिकारी मिट्टी के धंसाव का कारण समझ नहीं पा रहे हैं और लीकेज होने की बात से इनकार कर रहे हैं। ग्रामीण भोला ठाकुर, गोलू यादव अज्जू झरिया दीपक दुबे रवि झरिया ने बताया कि बांध से मिट्टी का धंसाव होने से डर है कि अत्यधिक बारिश होने पर कहीं बंदरकोला जलाशय फूट न जाए और क्षेत्र में तबाही न मच जाए। ग्रामीणों को अपने क्षेत्र की सुरक्षा की चिंता है और वे चाहते हैं कि जल संसाधन विभाग इस समस्या का समाधान करे। जल संसाधन विभाग के उपयंत्री मनजीत अहिरवार ने बताया कि तालाब के लीकेज का सुधार कार्य करवाया गया है और मिट्टी धसाव वाले स्थान पर मिट्टी का भराव किया जाएगा। विभाग लीकेज जैसी किसी समस्या से इनकार कर रहा है, लेकिन ग्रामीणों की चिंताओं को दूर करने के लिए विभाग को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी होगी

### अशोक कुमार व्यास प्रेक्षक नियुक्त

**दमोह।** जिले की जनपद पंचायत हटा के वार्ड क्रमांक 16 सदस्य पद उप निर्वाचन 2025 पूर्वार्द्ध हेतु निर्वाचन के संचालन प्रेक्षण हेतु अशोक कुमार व्यास, रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) 301 राधाकृष्ण अपाटमेंट सी ब्लॉक मनोरमागंज, ए.बी. रोड इदौर मो. नं. को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री व्यास प्रथम चरण में 07 जुलाई 2025 से 11 जुलाई 2025 तक तथा द्वितीय चरण में 21 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक दमोह जिले के प्रवास पर रहेंगे।

# ट्रांसफार्मर से कनेक्शन जोड़ते समय युवक को लगा करंट, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम चिलोद मंगल बुधवार की दरमियानि रात्रि में बिजली के ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट डोरी लगाने के दौरान करंट लगने से एक शख्स की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात अचानक उसके घर के पास लगा ट्रांसफार्मर से डोरी गिर गई थीं और उसके घर लाइट चली गई। और बारिश के मौसम में रात्रि में गिरन सिंह लोधी ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट घर के लिए बिजली सप्लाई चालू करने के लिए डोरी लगा रहा था इस दौरान करंट की चपेट में आ गया। और उसकी मौके पर मौत हो गई बुधवार की सुबह ट्रांसफार्मर के पास मृतक पड़ा हुआ ग्रामीणों को दिखाई। इसके बाद यह दर्दनाक घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही नोहटा पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। इस हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया, मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वही ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही के चलते युवक की मौत के आरोप लगाए है। मृतक गिरन सिंह पिता बसोरी सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष की मौत से बिन मां के दो बच्चों के सिर पर से पिता का साया भी उठ गया है और वेसहारा हुए बच्चों के लालन पालन का संकट खड़ा हो गया है। ग्राम की उससरपंच सुरेश राय शहर ग्राम वासियों ने अनाथ हुए बच्चों के भविष्य लिए आर्थिक मदद की मांग की है। यह बात सच है जबेरा जनपद क्षेत्र के गांव गांव में डोरिया ट्रांसफार्मर के आसपास मकड़ी के जाले जैसे फैले हुए हैं और विद्युत विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। दुर्घटनए घटित हो रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है घरेलू कनेक्शन के लिए ट्रांसफार्मर से केबिल से बिजली सप्लाई होना चाहिए लेकिन अधिकांश गांव केबिल के अभाव में लोग ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट डोरिया डालकर घरेलू कनेक्शन की बिजली सप्लाई करने का जान का जोखिम उठा रहे जिसके चलते आज यह घटना घटित हुई है। प्रभात दुबे जेई नोहटा विद्युत वितरण केंद्र का कहना है मृतक ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट डोरी लगाने के दौरान करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई जबकि मृतक का कोई विद्युत कनेक्शन नहीं था और ट्रांसफार्मर से घरेलू कनेक्शन के लिए केबिल सप्लाई चालू है। लोगो को मना करने पर भी ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट डोरी लगाकर बिजली सप्लाई करते हैं जिसमें जान का जोखिम होता जहां भी ट्रांसफार्मर से डोरिया का मकड़जाल है वहां पर केबिल से घरेलू कनेक्शन के लिए बिजली सप्लाई करवाने का काम किया जाएगा।

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh**

Presiding Officer :सुश्री स्नेहा सिंह

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, सक्सेशन

प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000008/2025)

सुखलाल काछी..........आवेदक Vs

भागीरथ काछी..................अनावेदक

TID/2275/2025

Process Id- / 2025

पेशी दिनांक :-11/08/2025

प्रेषिती-

(1) आम जनता पता- दमोह जिला दमोह

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखलाल काछी ने मृतक हरिया काछी पिता स्व. नन्ना काछी निवासी ग्राम बम्होरी पटेल टोला के पास बांदकपुर हिण्डोरिया जिला दमोह के पंजाब नेशनल बैंक बांदकपुर के बचत खाते में जमा राशि/संपति 59,277 /- अंकन उनसठ हजार दो सौ सततर रुपए हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11 August 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 09 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

सील

सुश्री स्नेहा सिंह
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
दमोह, जिला दमोह (म.प्र)

कृपया ध्यान दें :-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।